उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे “मिशन शक्ति” अभियान फेज-5 के तहत महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराधों व डिजिटल अरेस्ट के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए किया गया जागरुक –

महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र-**2024** से चलाए जा रहे “मिशन शक्ति” के विशेष अभियान फेज-**5** के तहत चलाये जा रहे **09** विशेष अभियानों यथा-ऑपरेशन गरुड, ऑपरेशन शील्ड, ऑपरेशन डिस्ट्राय,ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन मजनू, ऑपरेशन नशा मुक्ति, ऑपरेशन रक्षा व ऑपरेशन ईगल के क्रम में आज दिनांक:**05.11.2024** को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को बाल विवाह, पाक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया साथ ही छोटे बालकों/बालिकाओं को गुडटच-बैडटच के विषय में बारें में बताते हुए इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया जा रहा है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नम्बर-**1930** सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा-**1090**-वीमेन पॉवर लाइन, **181**-महिला हेल्प लाइन, **108**-एम्बुलेंस सेवा, **1076**–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **112**-पुलिस आपातकालीन सेवा, **1098**-चाइल्ड लाइन, **102**-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 05.11.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**


## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 05.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 05.11.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 05.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।



## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 02 नफर अभियुक्तो को किया गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रिया कलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 04.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0यूटी संदीप विमल मय हमराह हे0का0 अनिल कुमार यादव, का0 विजय शंकर त्रिपाठी व का0 नितेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रुपयों-पैसों से हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.निर्दोष कुमार पुत्र स्व0 इन्द्रेश राजपूत उम्र 28 वर्ष 2.नरेन्द्र राजपूत पुत्र भगवती उम्र 25 वर्ष निवासीगण ग्राम पवा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को शमशान घाट ग्राम पवा थाना श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी 220/- रूपये, मालफड 1020/- रूपये कुल 1240/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना श्रीनगर में मु0अ0सं0 244/24 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. निर्दोष कुमार पुत्र स्व0 इन्द्रेश राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पवा थाना श्रीनगर महोबा
2. नरेन्द्र राजपूत पुत्र भगवती उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पवा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 यूटी संदीप विमल
2. हे0का0 अनिल कुमार यादव
3. का0 विजय शंकर त्रिपाठी
4. का0 नितेश कुमार



# महोबा पुलिस



**पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद महोबा में तैनात उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर प्रतीक रैंक/स्टार लगाकर सम्मानित किया गया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।**

श्री पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद के थाना कोतवाली नगर महोबा में तैनात उ0नि0 सत्यपाल सिंह को उ0नि0 से निरीक्षक के पद पदोन्नत होने पर आज दिनांक- 05.11.2024 को पुलिस कार्यालय महोबा में पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0नि0 सत्यपाल सिंह को उ0नि0 नागरिक पुलिस पद से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान कर उनके कंधे पर प्रतीक चिन्ह रैंक/तीसरा स्टार लगाकर पदोन्नति प्रदान की गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गयी साथ ही नयी जिम्मेदारियों के साथ सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से अपने कर्तव्यों के निर्वहन व जनता के साथ मधुर व्यवहार करने के लिये प्रेरित किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर मौजूद रहे।

## “PIPPING CEREMONY”



श्री पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा उपनिरीक्षक के पद से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त उ0नि0 सत्यपाल सिंह को रैंक प्रतीक/तीसरा स्टार लगाकर निरीक्षक पद पर पदोन्नति की बधाई दी गई। साथ ही नयी जिम्मेदारियों के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन व जनता के साथ मधुर व्यवहार करने के लिये प्रेरित किया गया।

@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 05.11.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**


## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस किए गए बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 04.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह व उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 185/24 धारा 308(2)/352 बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त रोहित यादव पुत्र मइयादीन यादव उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम लुहेडी थाना श्रीनगर जनपद महोबा को ग्राम इमलिया थाना श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हुई अवैध शस्त्र व कारतूस की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय में मु0अ0सं0 246/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्वयाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

रोहित यादव पुत्र मइयादीन यादव उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम लुहेडी थाना श्रीनगर जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह
2. उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल



# यातायात माह नवंबर के तहत यातायात पुलिस टीम ने सेन्ट जोसेफ कॉलेज में यातायात जागरुकता कार्यशाला का किया आयोजन, छात्रों को यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर के तहत यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक- 05.11.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत अवस्थित सेन्ट जोसेफ कॉलेज महोबा में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के बीच सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी यातायात सुरक्षा सम्बन्धी बातों का ध्यान रखें, हमेशा सड़क के दोनो ओर देख कर की सड़क को पार करें, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट का प्रयोग करें, ध्यान रहे इस दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस जागरुकता कार्यशाला में मौजूद सभी को इन नियमों का पालन किये व कराये जाने की अपील की गई एवं ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया एवं यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु शपथ दिलाई गई।

इस दौरान सेन्ट जोसेफ कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं एवं सम्मानित शिक्षकगण मौजूद रहे।



## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत मां चन्द्रिका महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया–

आज दिनांक- 05.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा जनपद महोबा में महिला सशक्तिकरण हेतु प्रचलित मिशन शक्ति अभियान के फेज़ 5.0 कार्यक्रम के तहत शहर के मां चन्द्रिका महिला महाविद्यालय, महोबा में विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर नारी सशक्तिकरण पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कालेज की छात्राओं के साथ पारस्परिक संवाद स्थापित करते हुए उन्हें सुरक्षित रहने के तरीकों और पुलिस विभाग से मिलने वाले सहयोग और हेल्प लाइन नंबर की व्यापक जानकारी के साथ साइबर क्राइम और किसी परिचित या अपरिचित द्वारा प्रलोभनों से सावधान रहने का सुझाव दिया गया। साथ ही बाल विवाह, पाक्सो एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया साथ ही रास्ते पर किसी भी शोहदे के परेशान किये जाने की घटना के बारें में बताते हुए इस तरह की किसी भी समस्या आने पर तत्काल अपने अभिभावकों एवं स्थानीय पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया गया है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नम्बर-**1930** सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा- **1090**-वीमेन पॉवर लाइन, **181**-महिला हेल्प लाइन, **108**-एम्बुलेंस सेवा, **1076**–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **112**-पुलिस आपातकालीन सेवा, **1098**-चाइल्ड लाइन, **102**-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया एवं जागरुकता पंपलेट वितरित किये गये।









प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने 03 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 05.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्री मधुरेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह कां0 धीरेन्द्र कुमार व का0 अजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 325/2024 धारा 115(2)/352/351(3)/333/109BNS व 3(1)द,3(1)ध, 3(1)(**za**) (A), 3(2)V एससी/एसटी एक्ट थाना कबरई जनपद महोबा से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.रामेश्वर पुत्र रामऔतार रैकवार 2.गोविन्द कुमार पुत्र रामेश्वर रैकवार 3.वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामेश्वर रैकवार समस्त निवासीगण मोहल्ला रानीलक्ष्मीबाई नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा को मु0 रानीलक्ष्मीबाई नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । बाद गिरफ्तारी अभियुक्तगण को सम्बन्धित माननीय न्यायधीश के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 मधुरेश कुमार त्रिपाठी
2. कां0 धीरेन्द्र कुमार
3. का0 अजीत कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रामेश्वर पुत्र रामऔतार रैकवार वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामेश्वर रैकवार समस्त निवासी मु0 रानीलक्ष्मीबाई नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा

2.गोविन्द कुमार पुत्र रामेश्वर रैकवार वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामेश्वर रैकवार समस्त निवासी मु0 रानीलक्ष्मीबाई नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा

3. वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामेश्वर रैकवार समस्त निवासी मु0 रानीलक्ष्मीबाई नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा

